# सुपीरियर ग्रुप गोरक्षनगरी में करेगा निवेश चीनी मिल और डिस्टिलरी लगाएगा

## सीएम से मिले सुपीरियर ग्रुप के चेयरमैन, सरदारनगर चीनी मिल पर नहीं बन पा रही बात

अमर उजाला ब्यूरो

**गोरखपुर।** सुपीरियर ग्रुप ऑफ इंडस्ट्रीज के चेयरमैन ने गोरखपुर में चीनी मिल व डिस्टिलरी लगाने के लिए शनिवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की। चार महीने पहले भी इस ग्रुप के सीईओ ने गोरखपुर आकर मुख्यमंत्री से मुलाकात की थी।

यह ग्रुप सरदारनगर चीनी मिल लेना चाहता है, लेकिन वहां कानूनी विवाद के चलते बात नहीं बन पा रही है। अब ग्रुप गोरखपुर या आसपास के जिले में जमीन चाहता है। यह ग्रुप एक हजार करोड़ तक पूंजी निवेश की तैयारी में है।

सुपीरियर ग्रुप मध्य भारत में कोका-कोला के उत्पादों का निर्माण व वितरण करता है। साथ ही बरेली में एथेनॉल और एल्कोहल का उत्पादन भी करता है। ग्रुप के चेयरमैन प्रदीप अग्रवाल ने शनिवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से गोरखनाथ मंदिर में मुलाकात की। उन्होंने सुपीरियर इंडस्ट्रीज लिमिटेड की भावी योजनाओं की रूपरेखा भी साझा की। बताया कि कंपनी ने जम्मू-कश्मीर में एक नए प्लांट का उद्घाटन किया है और मध्य प्रदेश में भी निवेश किया है।

उन्होंने सीएम को बताया कि कंपनी ने गोरखपुर व आसपास के जिलों में एथेनाल प्लांट की संभावना पर जानकारी जुटाई है। इस इलाके में कंपनी किसानों से धान, मक्का खरीदकर उससे एथेनॉल बनाएगी। साथ ही चीनी मिल लगाकर किसानों से गन्ना खरीद करेगी।

इस मौके पर चैंबर ऑफ इंडस्ट्रीज गोरखपुर के पूर्व अध्यक्ष एसके अग्रवाल, सुपीरियर ग्रुप के वाइस चेयरमैन विशाल अग्रवाल, प्रबंध निदेशक मनीष अग्रवाल और सीएचआरओ डॉ. सुनील कुमार मिश्रा आदि मौजूद रहे।




एमएमएमयूटी समेत शहर में दो जगहों पर बनेंगे वेंडिंग जोन। संवाद

# शहर में दो जगह बनेंगे वेंडिंग जोन

**बदल रहा है गोरखपुर**

अमर उजाला ब्यूरो

**गोरखपुर।** स्ट्रीट वेंडरों के लिए नगर निगम जल्द ही पैडलेगंज से राजकीय उद्यान तक सुव्यवस्थित वेंडिंग जोन बनाएगा। साथ ही मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के बाहर गोरखपुर देवरिया मार्ग पर नाइट वेंडिंग जोन बनाया जाएगा।

पैडलेगंज से मोहद्दीपुर तक राजकीय उद्यान वाली पटरी पर बड़ी संख्या में स्ट्रीट वेंडर सुबह शाम फल, गिफ्ट आइटम, टेराकोटा उत्पाद और पौधों की दुकानें लगाते हैं। ये दुकानें सड़क के ऊपर ही लग जाती है जिससे सड़क चौड़ीकरण के बावजूद सड़क पर ग्राहक अपनी गाड़ियां पार्क कर अतिक्रमण कर देते हैं। कई बार अभियान चला कर स्ट्रीट वेंडरों को हटाया भी गया लेकिन दुकानें लगाने का सिलसिला खत्म नहीं हुआ।

### सड़क किनारे डक के ऊपर बनेगा प्लेटफॉर्म

ऐसे में अब नगर निगम ने रेलवे की चाहरदीवारी और राजकीय उद्यान की चाहरदीवारी के साथ वेंडिंग जोन बनाने का निर्णय लिया है। यहां नाला और उसके साथ बनाए डक्ट के ऊपर डेढ़ मीटर चौड़ाई में वेंडिंग जोन बनाया जाएगा। इस पूरी प्रक्रिया में पैदल चलने वालों के लिए फुटपाथ की उपलब्धता सुनिश्चित की जाएगी।

एमएमएमयूटी परिसर के बाहर गोरखपुर देवरिया मार्ग पर एमएमएमयूटी की चाहरदीवारी के साथ नाइट वेंडिंग जोन तैयार किया जाएगा। ताकि यहां फूड कोर्ट से जुड़े स्ट्रीट वेंडर को सुव्यवस्थित किया जा सके। इससे विश्वविद्यालय के छात्रों व कर्मचारियों को सुविधा मिलेगी और स्वरोजगार को बढ़ावा भी मिलेगा।